अग्रवाल महाविद्यालय में प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 01–04–2019 से जिला रेड क्रास सोसायटी फरीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलेंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से सात दिवसीय प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा एवं ग्रह परिचर्या शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में प्रारम्भ हुआ। यह शिविर दिनांक 07–04–2019 तक चलेगा। इस शिविर के दूसरे दिन आज दिनांक 02–04–2019 को कार्डियो पल्मोनरी रिससि्टकेशन (CPR) तथा रक्त का मानव शरीर में महत्व विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की युवा रेड क्रास की तीनों इकाइयों के 30 चयनित स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व सेंट जॉन एम्बुलेंस फरीदाबाद के प्रशिक्षक श्री. दर्शन भाटिया ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रेड क्रॉस के सभी स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता की जानकारी देना है। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रक्त की जानकारी, रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन, हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टियों, जलने का उपचार, डूबने का उपचार, घटना स्थल से घायल व बेहोश व्यक्ति को कैसे उठाना है और किस विधि से हस्पताल पहुँचाना है तथा सांप, बन्दर, बिच्छु व कुत्ते के काटने और जहर फलने पर प्राथमिक उपचार जैसी विभिन्न जानकारियां दी जाएगी। शिविर का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह जी संयोजक, यूवा रैड़ क्रॉस, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के संचालन में हो रहा है। उन्होंने बताया कि सफल स्वयंसेवकों को परीक्षा उपरान्त प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर युवा रेड क्रॉस इकाई द्वितीय व तृतीय के काउंसलर श्री सुभाष व श्री लवकेश भी उपस्थित थे।